नाम .............................. अनुक्रमांक ..............................

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2022-23

## कक्षा : IX

समय : 2½ घण्टे        विषय : हिन्दी (901)        पूर्णांक : 70

---

नोट : (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब', खण्ड 'अ' में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गये हैं।

(iii) खण्ड 'ब' में 50 अंकों के वर्णनात्मक प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख निर्धारित अंक अंकित हैं।

### (खण्ड - अ)

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक हैं- 1

(i) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(iii) प्रताप नारायण मिश्र (iv) बालकृष्ण भट्ट

2. 'कलम का सिपाही' के लेखक हैं- 1

(i) मुंशी प्रेमचन्द (ii) अमृतराय

(iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iv) गुलाबराय

3. 'सिंहावलोकन' की रचना विधा है- 1

(i) नाटक (ii) जीवनी

(iii) आत्मकथा (iv) उपन्यास

4. 'इन्दुमती' के लेखक हैं- 1

(i) शिव प्रसाद सितारे हिन्द (ii) श्रीनिवास दास

(iii) गणेशशंकर विद्यार्थी (iv) किशोरीलाल गोस्वामी

5. 'ठेले पर हिमालय' के लेखक हैं- 1

(i) धर्मवीर भारती (ii) रांगेय राघव

(iii) डॉ० नगेन्द्र (iv) शमशेर बहादुर सिंह

6. आदिकाल का दूसरा नाम है- 1

(i) श्रृंगार काल (ii) वीरगाथा काल

(iii) पूर्व मध्यकाल (iv) भक्तिकाल

7. मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित काव्य है- 1

(i) मृगावती (ii) मधुमालती

(iii) अखरावट (iv) अनुराग बाँसुरी

8. रामचरितमानस के रचनाकार हैं- 1

(i) सूरदास (ii) कृष्णदास

(iii) नन्ददास (iv) गोस्वामी तुलसीदास

9. 'लता ओट तब सखिन्ह लखाए। श्यामल गौर किसोर सुहाए।' में रस है- 1

(i) श्रृंगार रस (ii) वीर रस

(iii) हास्य रस (iv) भयानक रस

10. दोहा के षम चरणों में मात्राओं की संख्या होती है- 1

(i) 13-11 (ii) 11-11

(iii) 13-13 (iv) 11-13

11. 'सजना है मुझे सजना के लिए' पंक्ति में अलंकार है- 1

(i) उत्प्रेक्षा (ii) रूपक

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(iii) यमक (iv) श्लेष

12. पूर्णविराम का प्रयोग किया जाता है- 1

(i) वाक्य से पहले (ii) वाक्य के बीच में

(iii) वाक्य के प्रारम्भ में (iv) वाक्य के अन्त में

13. चिड़िया का तत्सम रूप है- 1

(i) चटका (ii) पक्षी

(iii) नभचर (iv) खग

14. आदर का विलोम है- 1

(i) सम्मान (ii) अनादर

(iii) अपमान (iv) अति आदर

15. दिनकर, दिवाकर, भास्कर आदि शब्द हैं- 1

(i) तद्भव (ii) तत्सम

(iii) पर्यायवाची (iv) विलोम

16. 'यथाशक्ति' शब्द में समास है- 1

(i) तत्पुरुष (ii) करण तत्पुरुष

(iii) कर्म तत्पुरुष (iv) अव्ययीभाव

17. सुरेशः का सन्धि-विच्छेद है- 1

(i) सुर + ईशः (ii) सुरा + ईशः

(iii) सुरे + शः (iv) सु + रेशः

18. राम शब्द का चतुर्थी विभक्ति एकवचन का रूप है- 1

(i) रामात् (ii) रामाय

(iii) रामस्य (iv) रामेण

19. गम् धातु लट्लकार मध्यम पुरुष एकवचन का रूप है- 1

(i) गच्छति (ii) गच्छेः

(iii) गच्छसि (iv) अगच्छः

20. अन्य पुरुष का दूसरा नाम है- 1

(i) मध्यम पुरुष (ii) उत्तम पुरुष

(iii) अन्य पुरुष (iv) प्रथम पुरुष

**खण्ड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

21. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2 x 3 = 6

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

मुझे अब याद आता है कि मैं खेलने जा रहा था और मरीज को देखने से इन्कार कर दिया था। आज उस दिन की बात याद करके मुझे जितनी ग्लानि हो रही है, उसे प्रकट नहीं कर सकता। मैं उसे खोज निकालूँगा और पैरों पर गिरकर अपना अपराध क्षमा कराऊँगा। वह कुछ लेगा नहीं, यह जानता हूँ; उसका जन्म यश की वर्षा करने ही के लिए हुआ है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) किसका जन्म यश की वर्षा करने ही के लिए हुआ है?

(iii) डॉक्टर ने मरीज को देखने से इन्कार क्यों कर दिया था?

अथवा

गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अन्त आ ही गया। दिनभर उसने न कुछ खाया और न बाहर गया। रात में अन्त की यातना में भी वह अपने झूले से उतरकर मेरे बिस्तर पर आया और ठण्डे पंजों से मेरी वही उँगली पकड़कर हाथ से चिपक गया जिसे उसने अपने बचपन की मरणासन्न स्थिति में पकड़ा था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गिलहरियों के जीवन की अवधि कितने वर्ष होती है?

(iii) रात में अन्त की यातना में लेखिका के बिस्तर पर कौन आया था?

22. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2 x 3 = 6

है बिखेर देती वसुन्धरा, मोती सबके सोने पर,
रवि बटोर लेता है उनको, सदा सबेरा होने पर।
और विरामदायिनी अपनी, सन्ध्या को दे जाता है,
शून्य श्याम तनु जिससे उसका, नया रूप झलकाता है।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए।

(ii) सबके सो जाने पर मोती कौन बिखेरता है?

(iii) सूर्य ओस बूँद रूपी मोतियों को किसको दे जाता है?

अथवा

मैं तो साँवरे के रंग राँची।
साजि सिंगार बाँधि पग घुँघरू, लोक-लाज तजि नाँची।।
गई कुमति लई साधु संगति, भगत रूप भई साँची।।
गाय-गाय हरि के गुण निसदिन, काल ब्याल सूँ बाँची।।
उण बिन सब जग खारो लागत, और बात सब काँची।।
मीरा श्री गिरधरन लाल सूँ भगति रसीली जाँची।।

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(i) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए।

(ii) मीरा जी कृष्ण के प्रेम में किस प्रकार नृत्य करती हैं?

(iii) मीरा जी दिनरात किसके गुणगान करती हैं?

23. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन-परिचय, साहित्यिक परिचय एवं उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए- 4

(i) मुंशी प्रेमचन्द (ii) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(iii) महादेवी वर्मा

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय एवं उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए- 4

(i) कबीरदास (ii) रहीमदास

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

24. (क) निम्नलिखित गद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 3 + 1 = 4

रामकृष्णः एकः विलक्षणः महापुरुषः आसीत्। तस्य विषये महात्मना गान्धिना उक्तम्- "परम हंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य

प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनं अस्मभ्यम् ईश्वर दर्शनाय शक्तिं प्रददाति। तस्य बचनानि न केवलं कस्यचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवन ग्रन्थस्य पृष्ठानि एव। तस्य जीवनं अहिंसायाः मूर्तिमान् पाठः विद्यते।'

अथवा

श्रीकृष्णस्य जन्म भाद्रपद मासस्य कृष्णपक्षस्य अष्टम्यां तिथौ अभवत्। मध्यरात्रे यदा अयं उत्पन्नः जातः तदा आकाशे घटाटोपाः मेघाः मूसलधाराः वर्षाः अकुर्वन्। तदा रात्रिः अन्धकारपूर्णा आसीत्, परं वसुदेवः पुत्रस्य रक्षार्थं सद्योजलं तम् आदाय उत्तालतरङ्गां यमुनां उत्तीर्य गोकुले नन्दगृहं प्रापयत्। तत्र बाल्यादेव श्रीकृष्णः जनानां हृदयवल्लभः अभवत्।

(ख) निम्नलिखित पद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 3 + 1 = 4

इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः।
नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान धृतिमान वशी।।

अथवा

चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम्।
www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com
प्रसादयति यो लोकं तं लोको नु प्रसीदति।।

25. दीपदान एकांकी का सारांश अथवा बनवीर का चरित्र-चित्रण लिखिए। 5

26. अपनी पाठ्य पुस्तक से कंठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

27. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए- 2 + 2 = 4

(i) रामः कस्मिन् वंशे उत्पन्नः आसीत्?

(ii) कः प्रजापति समः श्रीमान् आसीत्?

(iii) कः तमः हन्ति?

(iv) क्रोधं केन जयेत्?

28. निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए- 2

(i) चिकना घड़ा होना

(ii) अन्धे की लकड़ी

(iii) अक्ल का अन्धा होना

29. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए- 4

(i) वे लोकों के रक्षक थे।

(ii) वे धनुर्विद्या में निपुण थे।

(iii) उनका जीवन शुद्ध था।

(iv) उनका जन्म बंगाल में हुआ था।

30. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को शुल्क मुक्ति हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को आवश्यक कार्य हेतु एक दिन के अवकाश के लिए एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com